प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- केन्द्र ने विशेष विकास सहायता योजना के तहत हिमाचल को 3 हज़ार 9 सौ करोड़ रूपए से अधिक की वित्तीय सहायता की प्रदान।
- प्रदेश के 4 अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी मशीनें स्थापित– सर्जरी पर करीब 70 हज़ार रूपए अनुदान दे रही सरकार।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल और पंजाब की सीमाओं में एंट्री टैक्स को लेकर यथास्थिति बहाल करने का किया ऐलान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने चैस्टर हिल्स परियोजना मामले में अधिकारियों में छिड़ी आपसी जंग को लेकर सरकार पर उठाए सवाल।
- जनजातीय ज़िला लाहौल स्पीति की शांशा पंचायत उत्कृष्ट कार्य के लिए देशभर में अव्वल– विकास कार्यों को लिए पंचायत को मिलेगी एक करोड़ की राशि।

केन्द्रीय सहायता

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राजस्व घाटा अनुदान बहाली के लिए विपक्ष को राज्य सरकार का साथ देना चाहिए। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से हिमाचल प्रदेश को 3 हज़ार 9 सौ 20 करोड़ रुपए 50 वर्ष की अवधि के लिए बिना ब्याज ऋण के रुप में मिले हैं। इसके अलावा बीते वर्ष इसी मद में 3 हज़ार 4 सौ करोड़ रुपए मिले थे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आर.डी.जी. राज्य का संवैधानिक अधिकार है, जिसकी बहाली होनी चाहिए। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सदन में इस विषय को उठाते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को प्राइड ऑफ हिल्स स्टेट्स स्पैशल डिवेल्पमैंट असिस्टैंस के तहत प्राप्त राशि के लिए राज्य सरकार को केंद्र का आभार प्रकट करना चाहिए। इस बीच, राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने इस केन्द्रीय सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्र सरकार का आभार जताया है। राज्यपाल ने कहा कि इस वित्तीय सहायता से प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी।

वित्त आयोग–अनुदान

केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग के अनुदान के तहत आठ राज्यों को दो हजार 4 सौ 61 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की है। इसके तहत हिमाचल प्रदेश को करीब 14 करोड़ रूपए की राशि जारी की गई है। पंचायती राज मंत्रालय ने बताया कि इसका उद्देश्य ग्रामीण स्थानीय शासन को और मजबूत करना है।

प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के चार अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी मशीनें स्थापित की गई हैं। इन मशीनों की खरीद ई–टेंडरिंग के माध्यम से की गई है और अस्पताल स्टाफ को इसके संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक राकेश जम्वाल, केवल सिंह पठानिया, विपिन सिंह परमार और सुरेंद्र शौरी के संयुक्त सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब तक 20 डॉक्टरों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार रोबोटिक सर्जरी को आम लोगों की पहुंच में लाने के लिए प्रयासरत है और गरीब वर्ग के मरीजों को राहत देने के लिए सर्जरी पर करीब 70 हजार रुपये का अनुदान दिया जा रहा है जबकि स्पेशल वार्ड लेने वालों को यह सुविधा नहीं मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी और एम.आर.आई. सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि रोबोटिक सर्जरी अभी हिमकेयर और आयुष्मान योजना में शामिल नहीं है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने रोबोटिक सर्जरी पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक ऑपरेशन पर करीब एक लाख रुपये खर्च आने से यह सुविधा सीमित वर्ग तक ही रह सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को पहले सीमित स्थानों पर शुरुआत कर स्टाफ को पूरी तरह प्रशिक्षित करना चाहिए।

विधायक सतपाल सिंह सत्ती के मूल और अनिल शर्मा, चंद्रशेखर व लोकेन्द्र कुमार के अनुपूरक सवाल के जवाब में हस्तक्षेप करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले एक साल में बाहरी राज्यों में बिकने वाला दूध हिमाचल में ही बिकेगा। उन्होंने कहा कि दूध की गुणवत्ता को बनाने के लिए कांगड़ा ज़िला के ढगवार में लग रहे प्लांट में विश्व स्तर की मशीनें स्थापित की जाएंगी। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि डेढ़ लाख लीटर क्षमता वाले इस प्लांट का संचालन नेशनल डेयरी डवेलपमेंट बोर्ड द्वारा किया जाएगा। यह प्लांट इस साल अक्तूबर तक शुरू कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री वक्तव्य

हिमाचल प्रदेश और पंजाब की सीमाओं में एंट्री टैक्स को लेकर बढ़ रहे विवाद को देखते हुए मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने यथास्थिति बहाल करने का ऐलान किया है। विधानसभा में आज एक विशेष वक्तव्य देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने एंट्री टैक्स में किसी प्रकार की बड़ी वृद्धि नहीं की है, बल्कि केवल विभिन्न श्रेणियों को रैशनलाइज किया गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री से भी बात करने की कोशिश की गई है लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। मुख्यमंत्री ने सदन में स्पष्ट किया कि प्रदेश में टोल टैक्स की दरों में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं की गई है।

जयराम ठाकुर

चैस्टर हिल प्रोजैक्ट्स मामले में अधिकारियों में छिड़ी आपसी जंग को लेकर विपक्ष ने सरकार पर सवाल उठाए हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्य सचिव संजय गुप्ता पर गंभीर आरोप लगे हैं और उन्होंने अपनी सफाई में कुछ अन्य अधिकारियों पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस मामले पर चुप्पी साधी है जबकि सरकार के संरक्षण के बिना इतना बड़ा भ्रष्टाचार संभव नहीं है। जयराम ठाकुर ने कहा कि विपक्ष ने सदन में भी दो बार धारा 118 के उल्लंघन का मुद्दा उठाया है।

मांग

चम्बा ज़िला के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी की शौर पंचायत के उपप्रधान निहाल सिंह भारद्वाज, रेई पंचायत के उपप्रधान ठाणू लाल शर्मा और रेई पंचायत के बूथ प्रभारी पूर्ण चंद शर्मा ने आज शिमला में स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल से भेंट की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पुर्थी में डॉक्टर के खाली पड़े पद को जल्द भरने का आग्रह किया।

पुरस्कार

जनजातीय ज़िला लाहौल–स्पीति की शांशा पंचायत ने उत्कृष्ट कार्य के लिए देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा आयोजित दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत् विकास पुरस्कार के तहत पंचायत को सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि के लिए पंचायत को एक करोड़ रूपए की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी, जो विकास कार्यों पर खर्च होगी।

एमओयू

भारत–तिब्बत सीमा पुलिस हिमाचल सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित करेगी, जिसके तहत स्थानीय स्तर पर पैदा होने वाली ताज़ी सब्जियां, फल, दूध और पनीर अन्य कृषि उत्पाद खरीदे जाएंगे। इस संबंध में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला में आईटीबीपी के वरिष्ठ अधिकारियों उत्तरी फ्रंटियर कमांडर आई जी मनु महाराज और सेक्टर कमांडर डीआईजी पवन कुमार नेगी के साथ विचार–विमर्श किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे आईटीबीपी को जहां ताजा और उच्च गुणवत्ता वाले स्थानीय उत्पादों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित होगी वहीं सीमावर्ती गांवों के किसानों को अपने क्षेत्र में ही बाजार उपलब्ध होगा।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- केन्द्र ने विशेष विकास सहायता योजना के तहत हिमाचल को 3 हज़ार 9 सौ करोड़ रूपए से अधिक की वित्तीय सहायता की प्रदान।
- प्रदेश के 4 अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी मशीनें स्थापित– सर्जरी पर करीब 70 हज़ार रूपए अनुदान दे रही सरकार।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल और पंजाब की सीमाओं में एंट्री टैक्स को लेकर यथास्थति बहाल करने का किया ऐलान।

- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने चैस्टर हिल्स परियोजना मामले में अधिकारियों में छिड़ी आपसी जंग को लेकर सरकार पर उठाए सवाल।
- जनजातीय ज़िला लाहौल स्पीति की शांशा पंचायत उत्कृष्ट कार्य के लिए देशभर में अव्वल– विकास कार्यों को लिए पंचायत को मिलेगी एक करोड़ की राशि।